प्रदेश में होने वाला हर निवेश सुरक्षित : योगी

दधीचि हाल

यूके पार्टनर कंट्री-डिफेंस

- मुख्यमंत्री ने यूके प्रतिनिधिमंडल को किया आश्वस्त
- यूके प्रदेश में डिफेंस एंड एयरोस्पेस के साथ मेडिकल के क्षेत्र में करेगा निवेश

समझौते का आदान प्रदान करते ब्रिटेन के रक्षा मंत्री एलेक्स चाकव औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य • जागरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम प्रत्येक निवेशक को प्रदेश में सुरक्षित निवेश की गारंटी देते हैं। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने पार्टनर कंट्री के रूप में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में जो योगदान दिया है उससे न केवल डिफेंस एयरोस्पेस बल्कि फूड प्रोसेसिंग के भी क्षेत्र में इसे बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में सरकार से उन्हें पूरा सहयोग प्राप्त होगा। यूके प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाला हर निवेश न केवल सुरक्षित होगा बल्कि निवेशक के लिए भी फायदेमंद बनाने में सरकार अपनी नीतियों के तहत भरपूर मदद करेगी।

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तीसरे व अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में यूके पार्टनर कंट्री-डिफेंस सत्र का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को विकास की नई उड़ान देने के लिए जिन 25 सेक्टरों पर फोकस किया गया है उनमें डिफेंस एंड एयरोस्पेस पहली प्राथमिकता पर है। प्रदेश सरकार ने भी अपनी डिफेंस एंड एयरोस्पेस को लेकर एक नीति जारी की है, जिसके अंतर्गत हम उन संभावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, जिससे प्रदेश इस सेक्टर के हब के रूप में विकसित हो सके।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि भारत और यूके लंबे समय से बेहतरीन मित्र और अभिन्न सहयोगी की तरह काम कर रहे हैं। दोनों ही देशों के बीच आज कूटनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व सैन्य संबंध मजबूत हुए हैं। आज यूपी व यूके के बीच मित्रता के नए अध्याय शुरू हो रहा है। रक्षा क्षेत्र में आधुनिक तकनीकि, रिसर्च और सूचना के आदान प्रदान से दोनों ही देशों के रक्षातंत्र को नई मजबूती मिलेगी। यूके की विशेषज्ञ कंपनियों द्वारा निवेश से डिफेंस सेक्टर का भविष्य समृद्ध होगा। इस दौरान यूके की छह कंपनियों से निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मिनिस्टर फार डिफेंस प्रिक्योरमेंट ब्रिटिश गवर्नमेंट एलेक्स चाक ने यूपी में निवेश के लिए प्रस्ताव दिए और एमओयू पर हस्तारक्षर किए। उन्होंने कहा कि यूके उत्तर प्रदेश में डिफेंस एंड एयरोस्पेस के साथ ही मेडिकल के क्षेत्र में निवेश करेगा।

डिफेंस कारिडोर के लिए 23 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव

नंदी ने बताया कि डिफेंस कारिडोर के लिए लगभग 23 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्रदेश की नई औद्योगिक नीति ने डिफेंस सेक्टर में स्टार्टअप और एमएसएमई को बढ़ावा दिया है। जिससे प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम डिफेंस सेक्टर में निवेश करने वाले प्रत्येक निवेशकों के हितों की सुरक्षा एवं सहयोग का विश्वास दिलाते हैं।

यूके डिफेंस सेक्टर में निभाएगा साझेदारी

यूके के मंत्री एलेक्स चाक ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश में विशेष तौर पर डिफेंस सेक्टर में अपनी साझेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने की दिशा में मेक इन इंडिया मुहिम के तहत वृहद स्तर पर अपनी भूमिका निभा रहा है। इस भूमिका में हमारा योगदान निवेश के साथ ही स्ट्रैटेजिक व टेक्निकल वेपन के निर्माण समेत कई क्षेत्रों में होगा। इससे उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। साथ ही वैश्विक परिदृश्य में एक्सपोर्ट के लिहाज से भी उत्तर प्रदेश धाक जमाने में सक्षम होगा।